प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 6 दिसम्बर 2024। विष्व मृदा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग एवं भारतीय मृदा विज्ञान सोसायटी, पन्तनगर चैप्टर द्वारा मृदा विज्ञान विभाग में कार्यक्रम का आयोजन 5 दिसम्बर 2024 को किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापक एवं छात्रगण सम्मिलित हुए जिसमें प्राध्यापकगणों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये। मृदा विज्ञान विभाग द्वारा हीरावती माधवानन्द जोषी सरस्वती विहार सीनियर सेकेन्ड़री स्कूल शान्तिपुरी नं0 दो में मृदा स्वास्थ प्रबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्कूल के छात्रो ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें जूनियर वर्ग में अवन्तिका कुमारी, रागिनी सिंह एवं माही पपोला एवं सीनियर वर्ग में विवेक कुमार गुप्ता, शिवांगी जोशी एवं सोनिया उरांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अजय श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान विभाग ने की एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों में मृदा स्वास्थ के प्रति जागरूक करने एवं सभी लोगों की सहभागिता का सन्देश दिया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राजेश शर्मा, अध्यापकगण एवं छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन दीपांजली गुप्ता एवं धन्यवाद प्रस्ताव के0 रूपा द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकगण।

Smt. HEERAWATI MADHWANAND JOSHI SARASWATI VIHAR
SENIOR SECONDARY SCHOOL
विश्व मृदा दिवस
05 दिसम्बर, 2024
विषय-मृदा की देखभाल: लक्ष्य, निरीक्षण एवं प्रबन्धन

निदेशक संचार